दैनिक जागरण 07/02/2024

अनुशासन और असाधारण क्षमताओं का प्रमाण है एनसीसी : डा. एसएस नैन

जागरण संवाददाता, अंबाला: गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के तृतीय वर्ष के छात्र एवं एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर आफिसर महकप्रीत सिंह ने 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

महक प्रीत की शानदार उपलब्धि पर जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने उन्हें सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि महकप्रीत सिंह के अनुकरणीय नेतृत्व और राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें आज यह उपलब्धि प्रदान की है। एनसीसी के विभागाध्यक्ष डा. एसएस नैन ने कहा कि महकप्रीत सिंह की यह उपलब्धि उनके समर्पण, अनुशासन और असाधारण क्षमताओं का प्रमाण है।

उधर, काजेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन अंग्रेजी विभाग से महक तलवार की देखरेख में किया गया। डा. अनुपमा सिहाग, डा. केके पुनिया, कमलेश कुमारी, डा. रवनीत कौर ने साक्षात्कार लिए। दूसरी ओर सोहन लाल डीएवी कालेज में आयोजित हवन प्रतियोगिता में जीएमएन कालेज के विद्यार्थियों ने तीसरा स्थान हासिल किया।

एनसीसी कैडेट को सम्मानित करते जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित व अन्य। • सौजन्य विज्ञप्ति